सुधार परिपत्र सं.15

Member of Parliament Local Area Development Scheme

भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली -110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION
SARDAR PATEL BHAVAN, NEW DELHI-110001
FAX : 23364197
E-mail : mplads@nic.in

सत्यमेव जयते

फाइल सं.सी/42/2011-एमपीलैड्स

Dated 19.12.2011

सेवा में,

आयुक्त, नगर निगम कोलकाता/चेन्नई/दिल्ली
सभी जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त

विषय: मौजूदा एमपीलैड्स दिशानिर्देशों में संशोधन—विकलांग व्यक्तियों के कल्याण हेतु एमपीलैड्स निधियों के उपयोग के बारे में स्पष्टीकरण ।

महोदय/महोदया,

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के दिनांक 28.04.2011 के समसंख्यक पत्र का संदर्भ लें ।

2. उपरोक्त पत्र जारी किए जाने के फलस्वरूप, जरूरतमंद व्यक्तियों को बैटरी से चलने वाली मोटरयुक्त व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के बारे में मंत्रालय को कई अनुरोध प्राप्त हुए हैं । मामले की जांच की गई है और विकलांग व्यक्तियों के कल्याण हेतु एमपीलैड्स निधियों में रखी गई 10 लाख रुपए की राशि में से जरूरतमंद व्यक्तियों को बैटरी से चलने वाली मोटरयुक्त व्हीलचेयर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है । साथ ही यह भी शर्त रखी गई है कि समुचित पात्रता सुनिश्चित करने के लिए जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) की अध्यक्षता में गठित समिति इसका अनुमोदन करे । ऐसे पात्र व्यक्तियों के चयन में जिला प्राधिकारी को शामिल किया जाएगा । समिति रेट का औचित्य भी प्रमाणित करेगी । कोई भी आवर्ती खर्चे स्वीकार्य नहीं होंगे ।

3. एमपीलैड योजना के कार्यान्वयन में इन दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए ।

4. इसे माननीय मंत्री, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन के अनुमोदन से जारी किया जाता है ।

भवदीय,

(ए.के. चौधरी)
निदेशक

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1. सभी माननीय सदस्य (लोक सभा/राज्य सभा)
2. एमपीलैड्स से संबंधित नोडल विभागों के सचिव, (सभी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र)
3. एमपीलैड्स संबंधी राज्य सभा समिति, राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली
4. एमपीलैड्स संबंधी लोक सभा समिति, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली
5. एमपीलैड्स प्रभाग के सभी संबंधित अधिकारी
6. एनआईसी: एमपीलैड्स वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए ।